राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## उदयपुर में 76वें गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित

## उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

# राज्यपाल श्री बागडे ने राष्ट्र और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी को भागीदारी निभाने और 'आपणो राजस्थान' को अग्रणी बनाने का आह्वान किया

जयपुर/उदयपुर, 26 जनवरी। उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने झंडा फहराने के बाद परेड का निरीक्षण किया और सलामी गारद द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान गणतंत्र दिवस पर अपने उद्‌बोधन में सभी को राष्ट्र और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में अपनी महती जिम्मेदारी निभाने और 'आपणो राजस्थान' को अग्रणी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ समर्पित करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और सीमाओं पर चौकस प्रहरियों को नमन करते हुए भारत को सशक्त, स्वाभिमानी और समृद्ध राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में सभी के योगदान को महती बताया।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस महान् संविधान निर्माताओं को याद करने का अवसर है। संविधान निर्माताओं ने विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान हमें सौंपा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस पर हमें गर्व है। हमारी सफल प्रजातांत्रिक व्यवस्था ने विश्व के कई देशों को लोकतांत्रिक मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने राजस्थान में पिछले एक वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में हुए अभूतपूर्व विकास और कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि एक वर्ष में राजस्थान सरकार आमजन की आकांक्षाओं पर खरी उतरी है। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्पों को धरातल पर तेजी से मूर्त रूप दिया जा रहा है।

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा कि वह देश में शुचिता और सुशासन के प्रतीक हैं। उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र के रूप में पुनर्स्थापित किया। उनकी देन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से देश के लाखों गांव सड़कों के जरिए विकास की मुख्यधारा में शामिल हुए। वहीं, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना से देश के चारों कोनों को सड़कों के मजबूत जाल से जोड़ा गया।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे विकास पुरूष अटल जी की जन्म शताब्दी पर हम उन्हें नमन करते हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार प्रदेश को सुशासन का मॉडल स्टेट बनाने की दिशा में संकल्पित है। उन्होंने गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि देश एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास में भागीदारी निभाएं और 'आपणो राजस्थान' को अग्रणी बनाएं।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह राज्यपाल ने राजस्थान के दो अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) को राष्ट्रपति पुलिस पदक और 15 अन्य पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों को पुलिस पदक से सम्मानित भी किया।






राजस्थान पुलिस















दर्शक -



## माननीय राज्यपाल महोदय का गणतंत्र दिवस–2025 पर संदेश

प्यारे प्रदेशवासियों

1. 76वें गणतंत्र दिवस की आप सभी को कोटि–कोटि बधाई एवं असीम शुभकामनाएं। सर्वप्रथम मैं, देश के लिए अपना सब कुछ समर्पित करने वाले हमारे महान् स्वतंत्रता सेनानियों और सीमाओं पर चौकस प्रहरियों को सादर नमन करता हूं।

2. आज भारतीय संविधान को लागू हुए 75 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इन वर्षों में हमने भारत को सशक्त, स्वाभिमानी और समृद्ध राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। कठिन परिश्रम से अर्जित इस उपलब्धि पर हम सभी गौरवान्वित हैं।

3. यह हमारे उन महान् संविधान निर्माताओं को याद करने का अवसर है, जिन्होंने विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान हमें सौंपा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया।

4. भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस पर हमें गर्व है। हमारी सफल प्रजातांत्रिक व्यवस्था ने विश्व के कई देशों को लोकतांत्रिक मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया है।

5. बीते 75 वर्षों में कई विकट मोड़ आए, गंभीर चुनौतियां आईं। हर संकट का हमने मजबूती से सामना किया। भारतीय संविधान ने हमेशा सच्चे मार्गदर्शक की तरह हमें सही रास्ता दिखाया। संवैधानिक मूल्यों की कसौटी पर हम हमेशा खरे उतरे और प्रत्येक चुनौती का सामना पूर्ण दृढ़ता से किया।

6. ऐसे आदर्श संविधान की रचना के लिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित सभी शिल्पकारों को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। संविधान द्वारा बताए मार्ग पर चलकर भारत ने तरक्की की अद्भुत मिसाल पेश की है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रगति में हर वर्ग की समान भागीदारी सुनिश्चित की गई है। 'सबका साथ–सबका विकास–सबका प्रयास–सबका विश्वास' हमारा मूलमंत्र है।

7. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरा है। आज विश्व के कई देश जहां अस्थिरता के कारण आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। वहीं भारत में राजनीतिक स्थिरता के कारण मजबूती से फैसले लिए जा रहे हैं। शासन के केन्द्र में सुदृढ़, टिकाऊ एवं ऊर्जावान सरकार का होना देश की एकता और अखंडता के साथ ही सतत् विकास के लिए आवश्यक है।

8. मुझे प्रसन्नता है किएक वर्ष में राजस्थान सरकार आमजन की आकांक्षाओं पर खरी उतरी है। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्पों को धरातल पर तेजी से मूर्त रूप दिया जा रहा है।

9. 'विकसित भारत–विकसित राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करने के लिए ''राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट–2024'' का सफल आयोजन राज्य सरकार के ठोस इरादों को परिलक्षित करता है। समिट मेंप्राप्त हुए 35 लाख करोड़ रूपए के निवेश प्रस्तावों का राज्य सरकार जमीनी स्तर पर तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है।

10. सरकार का लक्ष्य है कि नीतिगत सुधारों से प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति दी जाए। इस उद्देश्य से राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना–2024, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी–2024, राजस्थान एक जिला–एक उत्पाद नीति 2024, राजस्थान एमएसएमई नीति–2024 तथा राजस्थान एकीकृत क्लस्टर विकास योजना–2024लागू की गई है।

11. सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सानिध्य में ''राम जल सेतु लिंक परियोजना''(संशोधित पार्वती–कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजना) के मेमोरंडम ऑफ एग्रीमेंट का आदान–प्रदान होना सुखद है। इससे पूर्वी राजस्थान में सिंचाई और पेयजल की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। योजना के चरणबद्ध क्रियान्वयन के लिए 12 हजार करोड़ रूपए के कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

12. राजस्थान सरकार, मध्यप्रदेश के साथ मिलकर इस परियोजना के यथाशीघ्र क्रियान्वयन के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध है। विकास योजनाओं के लिए प्रदेश को केंद्र सरकार से पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन मिल रहा है।

13. सरकार का प्रयास है कि युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हों। मुझे प्रसन्नता है कि वर्तमान सरकार द्वारा 12 जनवरी, 2025 तक 59 हजार 236 पदों पर नियुक्तियां प्रदान की जा चुकी हैं तथा 1 लाख 72 हजार 990 पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

14. मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवम्बर माह तक बेरोजगारी भत्ते के रूप में 313 करोड़ रूपए से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है।

15. युवाओं को बाजार की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने के समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में वर्ष 2024–25 में अब तक 68 हजार 581 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

16. ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में हम मजबूती से आगे बढ़े हैं। राजस्थान अक्षय ऊर्जा तथा सौर ऊर्जा उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। मुझे प्रसन्नता है कि सौर ऊर्जा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हमें प्रथम एवं अक्षय ऊर्जा क्षमता में वृद्धि के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।